पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, बृहस्पतिवार, 7 अक्टूबर 2021


स्वर्गीय अनंत कुकरेती जी के परिजनों से मुलाकात करते हुए सीएम।



# प्रधानमंत्री से मिलती है जनसेवा की प्रेरणाः सीएम

निरीक्षण

■ प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव, राज्य को मिली हैं महत्वपूर्ण सौगातें

■ मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश एम्स पहुँचकर प्रधानमंत्री के दौरे सम्बंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवभूमि से उत्तराखंड समेत देश के विभिन्न ऑक्सीजन प्लांट्स का शुभारम्भ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां का जायजा लेने एम्स ऋषिकेश पहुंचे मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का उत्तराखंड से विशेष लगाव रहा है, इसी का परिणाम है कि उत्तराखंड को ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश – कर्णप्रयाग रेल लाइन, उडान योजना से एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने समेत केदारनाथ पुनर्निर्माण की सौगात दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी जब भी देव भूमि आते हैं तो हम सब को जनसेवा के कार्य करने की नई ऊर्जा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह दौरा उत्तराखंड के विकास की लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश एम्स पहुँचकर प्रधानमंत्री के दौरे सम्बंधी व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल का जायजा लेते हुए एम्स प्रशासन और अधिकारियों से व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा कर लिया जाए। प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के अनुरूप व्यवस्था भलि भाँति चेक कर ली जाएँ और कोविड प्रोटकॉल का पूरा ध्यान रखा जाए।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद्र अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद, मेयर सुनील उनियाल गामा, सचिव वित्त अमित नेगी, सचिव सूचना पंकज पांडेय, आईजी इंटेलिजेंस संजय गुंज्याल, प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी समेत जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना ही चारधाम यात्रा के लिए काफी

जायजा

■ऋषिकेश और हरिद्वार में होगी स्मार्ट सिटी पंजीकरण की मैनुअल व्यवस्था

**संवाददाता**



ऋषिकेश। मंडलायुक्त रविनाथ रमन ने कहा कि न्यायालय के निर्णय के बाद सभी धामों पर श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं दी जा रही हैं। सिर्फ स्मार्ट सिटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना ही चार धाम यात्रा के लिए काफी है। जो लोग इससे वंचित हैं उनके लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में काउंटर खोले जाएंगे। मंडलायुक्त बुधवार को बस टर्मिनल कंपाउंड ऋषिकेश में यात्रा व्यवस्था का जायजा लेने आए थे। उन्होंने बीते रोज ही जिलाधिकारी देहरादून को यात्रा अड्डे में श्रद्धालुओं के लिए दो आरटीपीसीआर जांच केंद्र खोलने के निर्देश दिए थे। उन्होंने यहां संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा कर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

मंडलायुक्त रविनाथ रमन ने बताया कि कोई भी यात्री अथवा पर्यटक उत्तराखंड आना चाहता है, उसकी मंशा भले ही चार धाम यात्रा या फिर भ्रमण अथवा रैफ्टिंग की हो उन्हें स्मार्ट सिटी पोर्टल पर पंजीकरण कराना जरूरी है। इसके अतिरिक्त वैक्सीनेशन डबल डोज सर्टिफिकेट या फिर 72 घंटे के भीतर कोविड की नेगेटिव रिपोर्ट होनी जरूरी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कई श्रद्धालु ऐसे हैं जो शिक्षित नहीं है या फिर उनके पास हाईटेक मोबाइल नहीं है। ऐसे श्रद्धालु आनलाइन स्मार्ट सिटी पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करा पाते हैं। उनका भी देवस्थानम बोर्ड ने खयाल रखा है। विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में ऐसे यात्री यहां पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड आने वाले यात्री को यहां से बिना दर्शन वापस ना लौटना पड़े, ऐसी स्थिति नहीं आने दी जाएगी। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश और हरिद्वार स्थित रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में काउंटर लगाकर यह व्यवस्था की जा रही है कि मौके पर ही इनका विभागीय कर्मचारी स्मार्ट सिटी पोर्टल पर पंजीकरण उपलब्ध करा दें।




## संक्षिप्त समाचार

### स्वर्गीय अनंत कुकरेती जी के परिजनों से मुलाकात करने पहुँचे सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोगीवाला स्थित गंगोत्री विहार में स्वर्गीय अनंत कुकरेती जी के परिजनों से मुलाकात करने पहुँचे। मुख्यमंत्री धामी ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा के शांति की कामना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद एवं मेयर सुनील उनियाल गामा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वर्गीय अनंत कुकरेती की स्मृति में शहीद द्वार बनाया जाएगा।



### भाकियू ने यूजेवीएनएल गेट के बाहर किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय किसान यूनियन(तोमर) के कार्यकर्त्ताओं ने जीएमएस रोड स्थित यूजेवीएनएल गेट के बाहर धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने एमडी संदीप सिंघल की गाड़ी को भी रुकवाया। एमडी ने उन्हें बताया कि उन्हें बैठक में जाना है, लेकिन किसान अपनी बातों पर अड़े रहे और कहने लगे की एमडी उनसे यहीं पर आकर बात करे।

### गुरुद्वारा पटेलनगर के हरमोहिंद्र सिंह पुनः प्रधान चुने गये

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब, पटेलनगर में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से स. हरमोहिंदर सिंह को दुबारा प्रधान चुना गया। गुरुद्वारा साहिब में आम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चुनाव प्रक्रिया को पूरा करते हुए चुनाव करवाये गये। संगत ने स. मनजीत सिंह एवं स. हरमोहिंदर सिंह के नाम प्रस्तावित किये, स. हरमोहिंदर सिंह को संगत ने दो तिहाई से अधिक मत देकर दुबारा उन्हें प्रधान चुन लिया।

### मृत आत्माओं की शान्ति के लिए किया कार्यक्रम

**संवाददाता** देहरादून। वृक्ष मित्र अभियान के तहत कोरोना, आपदा तथा अपने पितरों के आत्मा शान्ति के लिए दीप प्रज्वलित करके मजगांव में सर्व पितृ अमावस्या पर श्रदांजलि दी गई यह कार्यक्रम वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी द्वारा किये गया, जिसमें पितरों व कोरोना में मरे लोगों के आत्मा शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना की गई। डॉ सोनी द्वारा हर पितृ विषर्जन पर पितरों के आत्मा शान्ति के लिए दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी जाती हैं। पर्यावर्णविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा पितृ पक्ष के आखरी दिन को पितृ विसर्जन अमावस्या मनाई जाती है।

### धरातल पर उतर रही है सीएम की घोषणाएंः चौहान

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मानवीर चौहान ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वित्तीय स्थिति के अनुरूप घोषणाएं कर रहे हैं और उनकी सभी घोषणाएं पूरी हो गई है या प्रगति पर है। उन्होंने विपक्ष के द्वारा खनन और नियुक्तियो को लेकर आरोप प्रत्यारोप को दुर्भावना से प्रेरित बताया। चौहान ने कहा कि कांग्रेस को पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के आलोक में झाँकना चाहिए कि किस तरह नियुक्तियो में लेन देन हुआ और चहेतो को कैसे लाभ पहुचाकर बेरोजगारों के हको पर डाका डाला गया। विधान सभा में हुई नियुक्ति इसका उदाहरण हैं। सरकार खनन को राजस्व का स्रोत मानती हैं,लेकिन भाजपा के कार्यकाल में अवैध खनन को संरक्षण नहीं मिला। जबकि कांग्रेस सरकार में खनन की नीति भी अपने लोगों की सुविधा के हिसाब से बनायीं जाती थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संविधान के अनुरूप सभी अधिकार सुनिश्चित किये गये हैं और किसी को भी कानून के उल्लंघन की इजाजत नहीं हो सकती। कानून सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए है और उसमें किसी तरह शक करना मंशा को दर्शाता हैं।

### 21 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को झारखंड से किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स और साइबर पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरिडीह (झारखंड) से साइबर धोखाधड़ी में मास्टरमाइंड साइबर अपराधी अमन मंडल को गिरफ्तार किया है। उत्घ्तराखंड एसटीएफ ने बताया कि वसंत विहार देहरादून निवासी प्रमोद कुमार से सिम केवाईसी के नाम पर धोखे से ऐनी डेस्क्क एप डाउनलोड करा कर 21 लाख की धोखाधड़ी की थी। एसटीएफ और साइबर पुलिस ने मास्टरमाइंड साइबर अपराधी अमन मंडल थाना हीरोडीह, जनपद गिरिडीह, झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड (पीड़ित को जिससे फोन किए गए), पांच बैंक पास बुक, दो फर्जी आधार कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, किसान कार्ड व अन्य जाली दस्तावेज बरामद किए हैं।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।